तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 10 मई 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 जागरूकता से ही मिलेगा योजनाओं का वास्तविक





12 समाज सेवा केवल एक कर्तव्य नहीं, केवल




## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार में खोरिन बाई मिली वन अधिकार पत्र पुस्तिका



**कांकेर।** नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम रावस निवासी खोरीन मरकाम पति जेवालाल को ग्राम सरोना में आयोजित समाधान शिविर में विधायक आशाराम नेताम एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वन अधिकार पत्र पुस्तिका प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में संचालित सुशासन तिहार आम जनता के समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं के लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है। सुशासन तिहार में जिले के आम नागरिकों की समस्याओं का सरलता के साथ समाधान हो रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से सुशासन तिहार अंतर्गत आम नागरिकों के राजस्व सहित विभिन्न विभागों द्वारा आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

### कुसुमलता ने विद्यालय में किया टॉप



**अंतागढ़।** हायर सेकंडरी स्कूल मासबरस का 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 10 वीं में 22 एवं कक्षा 12 वीं में 13 छात्र - छात्राएं अध्ययनरत थे, जिसमें सभी बच्चे सफल रहे। संस्था में शेष पेज 10 पर

राहत : पानीडोबीर के निवासी नक्सलियों की इजाजत बिना गांव से नहीं निकल पाते थे

# नक्सलीगढ़ के ग्रामीणों में समाधान शिविर में दिखा उत्साह, प्रशासन को बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नक्सलियों का गढ़ रहे पानीडोबीर के ग्रामीण नक्सलियों के इजाजत के बिना गांव से नहीं निकल पाते थे। नियद नेल्लार योजना जब से चली, तब से ग्रामीणों को लगा कि अब हमारी सुनवाई होगी। सुशासन समाधान शिविर में जिस तरह से जनसैलाब उमड़ पड़ा, उससे स्पष्ट है कि यहाँ आज भी समस्याओं का अंबार बना हुआ है। प्रशासन ने समस्याओं के अंबार को निराकरण के लिए वादा भी किया है।

■ नियद नेल्लार योजना के बाद से बढ़ा उत्साह

विकासखण्ड कोयलीबेड़ा का पानीडोबीर ऐसा गाँव था, जहाँ पर दिनदहाड़े नक्सलियों का मूवमेंट रहता था। ग्रामीण भी खुलकर जीवन नहीं जी पाते थे। इस इलाके के ग्रामीण गाँव से बाहर जाने पर नक्सलियों को जानकारी देने के लिए मजबूर थे। ऐसे कई वाक्यें सुनने को मिलते रहते थे। कोयलीबेड़ा में स्टापडेम बनने के उपरांत आवाजाही बढ़ी और जब से इस गाँव को नियद नेल्लानार योजन से जोड़ा गया, तब से फोर्स का मूवमेंट इस गाँव में हुआ। बीएसएफ का कैंप स्थापित कर दिया गया, उसका परिणाम यह रहा कि ग्रामीण अब अपनी जीवन खुलकर जीने के लिए स्वतंत्र हो गए। ग्रामीणों के चेहरों पर जो डर दिखता था, वो डर अब उनके चेहरों से गायब हो चुका है। पानीडोबीर में विगत दिनों क्षेत्र के विधायक विक्रम उसेंडी ने चौपाल लगाया था। चौपाल में आसपास गाँव के हजारों लोग विधायक को सुनने के लिए पहुंचे थे। ग्रामीणों में आज के समय के अनुसार जीवन जीने की ललक है, इसीलिए अब सरकार की हर योजना का लाभ लेन के लिए आतुर है।



### शिविर में मिले 1217 आवेदन, सभी निराकृत

*पानीडोबीर में समाधान शिविर की खबर मिलने पर कई गाँव के लोग पहुँचे। इस इलाके से अफसरों को सुशासन तिहार के तहत 1217 आवेदन मिले, जिसमें 1215 मांग और 02 शिकायत शामिल हैं, जिसमें सभी आवेदन निराकृत किया गया। इसमें सर्वाधिक आवेदन 244 कृषि विभाग को, 203 वन विभाग को, रोजगार गारंटी योजना के 162 और प्रधानमंत्री आवास योजना के 122 आवेदन सहित अन्य विभागों के आवेदन शामिल हैं। आवेदनों का निराकरण करते हुए 38 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 12 हितग्राहियों को मक्का बीज किट, 02 को मनरेगा जॉब कार्ड तथा 07 हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृति पत्र और जय बूढ़ादेव समूह को 15 हजार का रिवाल्विंग फंड वितरित दिया गया।। शिविर में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने ग्रामीणों से वादा किया कि सभी की समस्याओं का शत प्रतिशत निराकरण किया जाएगा।*

### दिव्यांगजनों को मिली त्वरित सहायता



पानीडोबीर में आयोजित समाधान शिविर में दिव्यांग दिनेश आंचला को त्वरित सहायता मिली। समाज कल्याण विभाग द्वारा उनके आवेदन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए व्हीलचेयर, गयाराम और सुनारू को छड़ी सहायक उपकरण प्रदाय किया गया। इसके अलावा आजीविका विकास कार्यक्रम के अंतर्गत लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा 20 हितग्राहियों को सिलाई का प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया, जिसमें 19 महिलाएं और 01 पुरूष शामिल है। श्रम विभाग द्वारा प्राप्त 02 आवेदनों का निराकरण करते हुए ग्राम आलपरस निवासी रामू कडियम और करन कडियम को मिस्त्री सामग्री दिया।

### शिविर में ये रहे उपस्थित

आयोजित शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्यामबती मंडावी, उपाध्यक्ष मंजू सरकार, वनमंडलाधिकारी हेमचंद पहारे, एसडीएम पखांजूर एएस पैकरा, अंतागढ़ एसडीएम राहुल रजक, डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज सहित आसपास ग्राम पंचायत के सरपंच एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बस्तर कमिश्नर ने नगर के सुशासन शिविरों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के भ्रमण के दौरान नगर पालिका परिषद कांकेर के संजय नगर वार्ड में आयोजित समाधान शिविर का कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने जायजा लिया और नागरिकों से रूबरू भेंटकर उनकी समस्या-मांगों के निराकरण स्थिति की जानकारी ली। सुशासन तिहार के आवेदन पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

■ शिविर में मौजूद लोगों से किया संवाद

कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति का भी संज्ञान लिया और आम जनता से जुड़े विभागीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से शिविर में मौजूद रहकर नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई इत्यादि से सम्बंधित समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए पहल सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। शिविर स्थल पर नागरिकों का आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन करवाने, राशन कार्ड बनवाने सहित हितग्राहियों को वितरित किए जाने कहा। कमिश्नर ने समाधान शिविर में अधिकाधिक नागरिकों की सहभागिता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश दिए और नगरीय क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से नागरिकों को शिविर के बारे में अवगत करवाने कहा। इस दौरान अवगत कराया गया कि नगर पालिका परिषद में कुल 114 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिसमें 68 आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया है, शेष 44 आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए आवेदकों को अवगत कराया गया है। नगर पालिका परिषद के उक्त संजय नगर वार्ड से प्राप्त 08 आवेदन पत्रों में से 04 आवेदन पत्रों का निराकरण किया जा चुका है। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित एसडीएम अरुण वर्मा, तहसीलदार पुष्पराज पात्र, सीएमओ सोहेल कुमार और अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# दो सगे भाइयों के साथ चचेरे भाई ने की मारपीट, शराब के नशे में किया हंगामा

**कांकेर।** दसपुर में दो भाईयों के साथ चचेरे भाई ने शराब पीकर हंगामा किया। समझाईस देने पर दोनो भाईयों के साथ मारपीट किया और उनको जान से मारने की धमकी भी दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

■ शादी समारोह के बीच की झगड़े की शुरुआत

■ नशे में की गाली-गलौज और हाथापाई



कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे दसपुर निवासी उमेश यादव ने पुलिस को बताया कि मेरे घर में 30 अप्रैल को बड़ी बहन की शादी का कार्यक्रम चल रहा था, इसी बीच मेरे चाचा दसपुर निवासी मंसा यादव का बेटा रितेश यादव शराब पीकर मेरे घर आया और मुझे नही पूछते हो कहते हुए मेरी बुआ ठगिया बाई यादव के साथ हाथापाई कर झगड़ा करने लगा, उसके बाद चला गया। दूसरे दिन 1 मई को फिर शराब पीकर घर आया। मुझे व छोटे भाई अमरदीप यादव को गाली देने लगा और हाथापाई भी किया। परिवार वालो के समझाने पर अपने घर की ओर चला गया। इसके उपरांत 7 मई की रात करीबन 9 बजें रितेश यादव मेरे घर के सामने आकर मुझे और मेरे छोटे भाई को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा, जिसे मैं और मेरा भाई बाहर निकलकर मना किए। गाली देने से मना करने पर आरोपी कहने लगा कि आज तुम दोनो को नहीं छोड़ूगा कहकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। परिवार के लोगों ने बीच बचाव किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रितेश यादव के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# शादी कार्यक्रम में मिठाई बनाने पर दो ग्रामीणों मे हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सरोना में शादी कार्यक्रम के लिए मिठाई बनाने के दौरान दो ग्रामीणों के मध्य मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। शादी वाले जगह से पीड़ित जब अपने घर जा रहा था, तब आरोपी व उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट किया और जान से मारने की धमकी भी दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।



■ पुलिस के पास पहुँचा मामला

दुधावा चौकी में शिकायत करने पहुंचे सरोना निवासी 52 वर्षीय विजय कुमार यादव पिता स्व. सुखराम यादव ने पुलिस को बताया कि 7 मई को ग्राम सरोना के पतिराम मंडावी के घर शादी कार्यक्रम में मिठाई एवं मिक्चर बनाने का आर्डर लिया था। जिसमें कैलाश शोरी मेरे साथ सहयोगी के रूप में काम कर रहा था। मिठाई बनाने के समय कैलाश शोरी को मेरे द्वारा बोला गया कि काम में ध्यान नहीं देते हो। इतना कहने पर वह मेरे साथ विवाद करने लगा। काम खत्म करके रात करीबन साढ़े 10 बजे अपने घर वापिस जा रहा था। तभी शिशु मंदिर के पास आरोपी कैलाश शोरी और उनके दो अन्य साथी रोककर मुझे गाली देने लगे और जान से मारने की धमकी दिया। जिससे वह डर गया। तीनों मिलकर मेरे साथ हाथ मुक्का व लात से मारपीट किए। आरोपी के साथ में मारपीट करने आएं दो साथियों को नहीं जानता हूँ, देखने से पहचान लूंगा। मारपीट करने से मेरे पीठ, गर्दन, दोनों बॉह और आंख में चोट आई है। रात होने से चौकी दुधावा में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराया था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कैलाश शोरी व अन्य दो लोगो के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

राज्यों से आए दल में 21 सदस्य हैं शामिल

# खमढोड़गी में सामुदायिक वन अधिकार प्रक्रिया पर अनुभवों को किया साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ ओडिशा, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र एवं एमपी के दल ने किया अध्ययन



जिले के ग्राम खमढोड़गी में ओडिशा, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश से पहुँचे 21 सदस्यीय दल ने सामुदायिक वन अधिकार के तहत चल रही गतिविधियों का अध्ययन किया और अनुभवों को साझा किया। फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी के अंतर्गत कार्यरत 21 सदस्यीय दल ने विभिन्न राज्यों से आकर सामुदायिक वन अधिकार का अध्ययन किया। खमढोड़गी पहुँचे दल का उद्देश्य सामुदायिक वन अधिकार प्राप्त करने की प्रक्रिया, इस दौरान आने वाली चुनौतियाँ एवं प्राप्ति के बाद किए जाने वाले कार्यों के अनुभवों को साझा करना था। खमढोड़गी के ग्रामवासियों ने दल के सदस्यों को बताया कि सामुदायिक वन अधिकार प्राप्त करने में उन्हें कई वर्षों तक जागरुकता कार्यक्रम चलाने पड़े। इस दौरान सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति ने ग्रामवासियों को संगठित कर प्रक्रिया को सफल बनाया। सीएफआरएमसी अध्यक्ष छबिलाल कुंजाम, सचिव अकतू कावड़े एवं पंच अमृत नाग ने विस्तार से बताया कि मिलने वाली राशि का उपयोग ग्रामीण विकास, शिक्षा, वन संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन के लिए किया जा रहा है। ग्राम सभा की कार्य योजना जिला प्रशासन को भेजी जाती है। जिसमें जंगल शेष पेज 10 पर




# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर, लोगों ने दिया 30 यूनिट रक्त

## आमजन के साथ पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारियों ने भी किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोण्डगांव के द्वारा आज जिला अस्पताल परिसर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करने के लिए स्वयं उपस्थित रहे।

इस रक्तदान शिविर की विशेष बात यह रही कि कोण्डागांव जिले के पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरणा देने उपस्थित हुए। उनके साथ ही जिला प्रशासन के कई अधिकारियों ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया और सामाजिक दायित्व निभाने का संदेश दिया। रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने भाग लिया और कुल 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों की सहायता में उपयोग किया जाएगा। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को रेडक्रॉस की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।




ये रहे उपस्थित – रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय की सम्पूर्ण ब्लड बैंक की टीम, सिविल सर्जन डॉ आर सी ठाकुर, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के सिंह, सभापति मनोज जैन, उपसभापति ओमप्रकाश टावरी, कोषाध्यक्ष दीपेश अरोरा, राज्य प्रतिनिधि उत्तम रक्षित उपस्थित रहे। इसके साथ ही गंभीर क्षय रोग से पीड़ित 4 व्यक्तियों को रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से फूड बास्केट भी वितरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### मसोरा में लगाया गया समाधान शिविर

**कोण्डागांव।** सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणजनों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तीसरे चरण में राज्य शासन के जिले में समाधान शिविर का आयोजन 5 मई से 30 मई 2025 तक निर्धारित है। जिसमें सभी विकासखण्डों में तिथिवार शिविरों में आमजनों की समस्याओं के आवेदन लेने के साथ निराकरण भी किया जाएगा। जारी कार्यक्रम अनुसार 9 मई को कोंडागांव विकासखंड के ग्राम मसोरा एवं केशकाल विकासखंड के धनोरा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

### धनोरा में समाधान शिविर किसानों को मिला धान बीज

**धनोरा।** धनोरा में 9 मई शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन हुआ, जहां मुख्यअतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा सासंद भोजराज नाग व अध्यक्ष के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। सांसद एवं विधायक महोदय ने सरकार की महत्वकांक्षी योजना के साथ हितग्राहियों को शासकीय पत्र व 2 मछली पालने वाले हितग्राहियों को 10- 10 हज़ार की मछली जाल वितरण किया गया। साथ ही 10 किसानों को किसान किताब, 10 हितग्राहियों को आयुषमान कार्ड, 5 गर्भवती महिलाएं को पोषण टोकरी, 18 हितग्राहियों को जॉब कार्ड, 22 किसानों को सब्जी बीज वितरण, 9 लोगों को नवीन राशन कार्ड, 5 किसानों को धान बीज वितरण किया गया। साथ ही शिविर में आए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व केशकाल विधायक टेकाम को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस शिविर में जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग, जनपद अध्यक्ष नंदनी पोटाई, जनपद सदस्य नमिता जैन, एसडीएम अंकित चौहान, सीईओ अनुराग भोई, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता नागरिक जन उपस्थित रहे।

### जगदलपुर रावघाट रेलवे सौगात पर माना आभार

**जगदलपुर।** जगदलपुर से रावघाट तक रेलवे लाइन की सौगात देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और बस्तर सांसद महेश कश्यप का भाजपा नेता व रेलवे परामर्श दर्शी सदस्य कमलेश विश्वकर्मा ने आभार जताया है। यह परियोजना बस्तरवासियों की वर्षों पुरानी अपेक्षा को साकार करने का निर्णायक कदम है। यह रेलवे लाइन बस्तर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

### बिगड़े सोलर संयंत्र को सुधारा गया

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के द्वारा जिले के विभिन्न स्थलों में पेयजल व्यवस्था हेतु 1043 नग सोलर ड्यूल पम्प तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत 777 नग सोलर ड्यूल पम्प स्थापित किये गये हैं। इसी कड़ी में सुशासन तिहार-2025 में विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत ग्राम करमरी भाटागुड़ा पारा के आवेदक गणेश राम द्वारा क्रेडा विभाग से स्थापित सोलर ड्यूल पम्प संयंत्र अकार्यशील होने की शिकायत की गई थी।

## सुशासन तिहार: विधायक और कलेक्टर की उपस्थिति में ग्रामीणों को योजनाओं का मिला लाभ

# मसोरा में लगा समाधान शिविर, 12 पंचायतों के 3366 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप पूरे छत्तीसगढ़ में मनाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत शुक्रवार को विकासखंड कोण्डागांव के ग्राम मसोरा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 12 ग्राम पंचायतों के लिए लगाया गया था, जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

■ शासन की योजनाएं ज़मीनी स्तर तक, शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों रहे मौजूद

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी रहीं। उनके साथ कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार और वनमंडलाधिकारी चूडामणि सिंह समेत जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। कार्यक्रम की शुरुआत माँ दंतेश्वरी की पूजा से हुई, वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन संस्कार का प्रतीकात्मक आयोजन भी किया गया। विधायक उसेंडी ने अपने संबोधन में कहा, "यह शिविर शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही का प्रतीक है, जो ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर ही सुलझाने का कार्य कर रहा है।" उन्होंने लोगों से सौर सुजला योजना, दीदी ई–रिक्शा योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की और जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने बताया कि इस शिविर में कुल 3477 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3366 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। उन्होंने आवास योजना 2.0, बच्चों के आधार निर्माण, जाति प्रमाण पत्र और ई–रिक्शा योजना जैसी पहलुओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।



### हितग्राहियों को योजनाओं का दिया गया लाभ

राजस्व विभाग 11 किसानों को किसान किताब, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 67 हितग्राहियों को राशन कार्ड, कृषि विभाग 10 किसानों को धान बीज, उद्यानिकी विभाग 20 हितग्राहियों को सब्जी बीज, मत्स्य विभाग 2 मछुआरों को मछली जाल, स्वास्थ्य विभाग 3 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल योजनाओं की प्रभावशीलता दर्शाता है, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास की डोर को भी मजबूत करता है।

## प्रशासन और समाज के समन्वय से विकास की नई राह तय करेगा कोंडागांव जिला: पन्ना

जिले में प्रशासन और समाज के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर के सभाकक्ष में सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता नवपदस्थ कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार ने की। बैठक में जिले के विभिन्न समाजों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया और जनकल्याण, सुरक्षा, रोजगार एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। कलेक्टर ने कहा, हम सब सबसे पहले भारतीय हैं, फिर किसी समाज के सदस्य। समाज और प्रशासन मिलकर काम करें तो जिले की प्रगति निश्चित है। उन्होंने युवाओं को सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक जानकारियों से सतर्क रहने की सलाह दी और समाज प्रमुखों से अपील की कि वे इस दिशा में जागरूकता फैलाएं। साथ ही, कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए युवाओं को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। बैठक में समाज प्रमुखों ने भी प्रशासन को सुझाव देते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों, जैसे कि हेलमेट न पहनने, नशे की हालत में वाहन चलाने और मोबाइल का उपयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इससे दुर्घटनाओं में निश्चित तौर पर कमी लाई जा सकेगी। रोजगार पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि समाज अपने युवाओं को चिन्हित कर प्रशासन से संपर्क करें, जिससे उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा सके और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक सौहार्द्र और सहयोग की भावना के साथ सम्पन्न हुई, जिसमें समाज के सभी प्रतिनिधियों ने प्रशासन को हरसंभव समर्थन देने का आश्वासन दिया।



## नाली के ऊपर दुकान 18 हजार का जुर्माना, निगम अतिक्रमण हटाने में जुटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर की मेन रोड समेत हाई स्कूल रोड, संजय बाजार एवं अन्य क्षेत्रों में दुकानदार दुकान सामग्री सड़क के ऊपर लगाकर शहर की यातायात व्यवस्था बिगाड़ रहे है। निगम का राजस्व अमला, स्वच्छता अमला और पुलिस की सयुंक्त टीम पिछले एक माह से शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। दो दिन पहले अभियान के दौरान हाईस्कूल रोड,संजय बाजार मार्ग में अभियान चलाकर लापरवाही करने वाले लगभग 15 व्यवसायियों पर कार्रवाई करते 13 हजार रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। इसी तरह कुछ दिन पहले शहर के मुख्य मार्ग में अभियान चलाते आधा दर्जन दुकानदारों से 5 हजार रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। सभी दुकानदारों को समझाइस दी गई कि भविष्य में दुकानों के सामने सड़क के ऊपर अतिक्रमण न करे।

### शहर के सभी मार्ग को व्यवस्थित किया जाएगा

महापौर संजय पांडे ने कहा हमारी मंशा व्यवसायियों को परेशान करने का कतई नही है,बल्कि शहर को व्यवस्थित करने पर फोकस है। पांडे ने कहा कि सड़क के ऊपर जिन दुकानदारों को हटाया गया है, उसके पीछे यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने पर था। ऐसे दुकानदारों को व्यवस्थित कर दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है।

## नक्सल दंपति ने किया आत्मसमर्पण



**कोण्डागांव।** दो कुख्यात इनामी नक्सलियों ने शुक्रवार को कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वॉय अक्षय कुमार (भापुसे) के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में रैसिंग कुमेटी उर्फ रतनसिंह कुमेटी (35) उसकी पत्नी पुनाय आचला उर्फ हिरोंदा (34) शामिल है। दोनों पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 8–8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण के समय दोनों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत 50–50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

## रेडक्रास दिवस पर हुए स्पर्धा में महिला महाविद्यालय के छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महारानी जिला अस्पताल परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें नगर के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर के मुख्य अतिथि बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप रहे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता तथा पुरस्कार वितरण आदि आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय, के नोडल अधिकारी डॉ. गुलाब चंद साहू के नेतृत्व में तीन छात्राओं - शर्मिला पोद्दार, मानसी कंवर एवं खीरबती नाग ने सक्रिय भागीदारी निभाई। शर्मिला पोद्दार ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया।

## 12वीं में सेकंड टॉप आने वाली मुस्कान को कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12 वी बोर्ड परीक्षा में शहर की बेटी मुस्कान पूरे जिले में सेकंड टॉप की है। शुक्रवार को कलेक्टर एस हरिष मुस्कान का सम्मान करते उसके उज्वल भविष्य की कामना की। मुस्कान 500 में 461 अंक के साथ 92 प्रतिशत लाकर बस्तर का मान बढाया है। मुस्कान के सम्मान के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल,राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला शिक्षा संयोजक अखिलेश मिश्रा व अन्य सम्मलित थे।



## पेज 9 के शेष

### खमढोड़गी में ...

संरक्षण, सामुदायिक विकास एवं विपणन के प्रस्ताव शामिल होते हैं। 21 सदस्यीय दल के द्वारा जंगल भ्रमण में मिले अर्जुन के पेड़ को देखकर उसके छाल की औषधीय महत्ता पर भी चर्चा किया गया। अर्जुन जैसे पेड़ों के औषधीय गुणों के सतत उपयोग से ग्रामीण विकास को नई दिशा मिल सकती है। दूसरे राज्यों से पहुँचे प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि इसके बीज का सतत उपयोग कर ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाया जा सकता है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच प्यार सिंह मंडावी, पूर्व पंच रूपराय कोमरा एवं पंचराम नेताम ने भी अपने अनुभव साझा किए।

### कुसुमलता ने विद्यालय...

अध्ययनरत 10वीं की छात्रा कुसमलता पिता सुबे सिंह माता सुखदई ग्राम लामपुरी 90 प्रतिशत लाकर संस्था की टॉपर छात्रा रही।

## शैक्षणिक भ्रमण में आंगनबाड़ी में संचालित योजनाओं को जाना

# छात्राएं पोषण आहार से हुई अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय की गृह विज्ञान की छात्राओं को सामुदायिक विकास, शिक्षा प्रसार विषय के अंतर्गत प्रायोगिक कार्य हेतु आंगनबाड़ी, रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड शैक्षणिक भ्रमण हेतु ले जाया गया, जहा छात्राओं ने विभिन्न संचालित योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही छात्राओं की स्वयं की समुदायिक विकास में भूमिका क्या हो, तथा आंगनबाड़ी में वितरित किया जाने वाला रेडी टू ईट खाद्य सामग्री के पौष्टिक महत्व, शिशु आहार, गर्भवती महिला का आहार, दुग्धपन स्त्री के आहार से छात्राओं को अवगत कराया गया। नई शिक्षा नीति में छात्राओं को व्यवहारिक शिक्षा के द्वारा विभिन्न विषयों की जानकारी देना, जिससे छात्राएं अपने जीवन में उसका उपयोग करे। समय समय पर होने वाली गतिविधियां छात्राओं के सर्वांगीण विकास मे सहायक होती है। इस कार्य हेतु पर्यवेक्षक शिल्पा साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुमारी यादव, आंगनबाड़ी सहायिका हेमा देवांगन का सहयोग प्राप्त हुआ। इस आंगनवाड़ी के अवलोकन कार्य में गृह विज्ञान की प्राध्यापिकाएं डॉ आकांक्षा मिश्रा, डॉ. पूनम सोनी, डॉ . तृप्ति खनंग और छात्राएं उपस्थित रही। महाविद्यलय के प्राचार्य डॉ राजीव गुहे के मार्गदर्शन मे यह शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## मिलकर लड़ेंगे अधिकार और विकास की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संरक्षण में फुटपाथ व्यापारी महासंघ का गठन किया गया, जिसमें पदाधिकारी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इस संगठन का उद्देश्य बस्तर जिले सहित पूरे बस्तर संभाग में छोटे फुटपाथ व्यापारी के अधिकारों को संरक्षित करना और उनको सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना एवं सरकार नगर निगम नगर पालिका नगर पंचायत के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर अतिक्रमण मुक्त स्थाई फुटपाथ बाजार का निर्माण करना होगा। साथ ही साथ संघ से जुड़े तमाम व्यापारियों के उन्नति एवं विकास हेतु कार्य करना होगा । इस दौरान बस्तर मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक नवनीत चांद कहा कि हमारा लक्ष्य है बस्तर के सभी वर्ग एक साथ विकास करें उन्होंने कहा कि व्यापारी हित के संघर्ष में वे हमेशा साथ खड़े रहेंगे चाहे किसी भी स्तर पर की लड़ाई हो। मुक्ति मोर्चा के संरक्षण में जगदलपुर फुटपाथ व्यापारी महासंघ में अध्यक्ष किशोर कुमार गिदरानी, सचिव राजेश गुपता, कोषाध्यक्ष दुर्गेश प्रताप सिहं, उपाधयक्ष धरनंजय कुमार सिहं, उपाधयक्ष सयाम राठोरिया, उपाधयक्ष पुरनीमा मंडल शामिल हैं।

■ फुटपाथ व्यापारी महासंघ का गठन, किशोर बने अध्यक्ष



**खबर संक्षेप**

## सालेमेटा-2 में फलदार व छायादार पौधों का रोपण



**बस्तर।** गत वर्ष की तरह इस सत्र भी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविरक्षा अभियान को खंड स्तर पर शिक्षकों के द्वारा समाजिक सहयोग से ग्राम सालेमेटा -2 में ग्रामीण कृषक मिठूराम के द्वारा अपने निजी जमीन को सहयोग के तौर पर प्रदान किया गया। जिसमें विविध प्रकार के पौधे का रोपण किया जाएगा। इस पुनीत कार्य में सभी से आग्रह है कि एक पेड़ लगा कर अपने पूर्वजों को श्रद्धाजंलि अर्पण करेंगे। ज्ञात हो कि विगत वर्ष से शिक्षक नारायण साहू और शिक्षक राकेश शर्मा के द्वारा पौधरोपण महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में बस्तर विकासखंड के सभी शिक्षक की सहभागिता होती है और स्वयं के अंशदान एकत्रित कर पौधों के सुरक्षा के लिए जाली इत्यादि की व्यवस्था करते हैं।

## प्लेसमेंट कैम्प में 6 अभ्यर्थियों का चयन



**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में जिला कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। यह कैम्प सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें ओओसीए स्मार्ट पाठशाला कम्पनी द्वारा विभिन्न पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संपन्न की गई।
इस कैम्प में अभ्यर्थियों ने भाग लिया। नियोजक द्वारा कुल 12 रिक्त पदों पर टीचर, सहायक टीचर, प्यून, रिसेप्शनिस्ट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड आदि के लिए भर्ती की गई। कंपनी द्वारा पात्रता और योग्यता के आधार पर 6 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में पहले से आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों के साथ-साथ सुशासन तिहार के अंतर्गत पंजीकृत आवेदक भी उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**सुकमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन हेतु जिले में विभिन्न खंडपीठों की स्थापना की गई है। इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.), तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि सुकमा जिले के विभिन्न न्यायालय कक्षों में 10 खंडपीठ गठित की गई हैं, जिनमें अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय और तहसील न्यायालय शामिल हैं। लोक अदालत में राजस्व प्रकरणों दांडिक, भू-अर्जन, आरबीसी 6(4) तथा अन्य प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा। संबंधित पीठासीन अधिकारी विधि द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विवादों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे। लोक अदालत में किए गए समझौतों को न्यायिक मान्यता प्राप्त होगी एवं यह अंतिम होगा। जिला प्रशासन एवं विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनता से अपील की है कि इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित विवादों का समाधान आपसी सहमति से कराएं।

### समाधान शिविर में पहुंचे लोगों में देखी गई खुशी

# पालनार शिविर में 908 और गमावाड़ा 1845 आवेदन हुए निराकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

सुशासन तिहार के तृतीय चरण के अंतर्गत होने वाले समाधान शिविर के क्रम में आज कुआकोण्डा जनपद अंतर्गत पालनार तथा दंतेवाड़ा के गमावाड़ा के ग्राम में समाधान शिविर आयोजित हुए।

उक्त शिविर में ग्राम पालनार के साथ-साथ मघराहऊरनार,

■ विभागों ने ग्रामीणों से संवाद कर आवेदनों का किया समाधान

टीकनपाल, चोलनार एवं कलेपाल ग्रामों के बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों में सहित शिविर में प्रशासन की ओर से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कमल किशोर, जनपद पंचायत सीईओ दिनेश वर्मा तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदनों का तथ्यवार समाधान प्रस्तुत करते हुए उन्हें जानकारी दी गई। पालनार में कुल 921 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 908 समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही, विभिन्न विभागों द्वारा 14 हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें योजना से जोड़ा गया। इसके साथ ही सहकारिता विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों के क्रेडिट कार्ड बनाए गए एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके साथ ही ग्राम गमावाड़ा में 1974 आवेदनों में से 1845 आवेदनों का मौके पर निराकरण कर हितग्राहियों को सूचित किया गया है। लंबित आवेदनों के संबंध विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि शासन द्वारा हितग्राही लक्ष्य प्राप्ति पर उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी। इस क्रम में किसान क्रेडिट मिलने से प्रसन्न ग्राम पालनार के हितग्राही कृषक राजनाल कुंजाम पटेलपारा ने कहा कि वहां अपने सात एकड़ के भूमि में धान और सब्जी की ही खेती करता है। परन्तु टेक्टर के अभाव में वहा अपनी खेती को उन्नत नहीं कर पा रहा था परन्तु अब किसान क्रेडिट के माध्यम से अब उस बैंक से लोन मिल पाएगा और ट्रेक्टर खरीदने का सपना पूरा होगा। इसके साथ उन्हें अन्य ग्रामीणों को सलाह दी की वे सुषासन तिहार शिविर में आकर अपनी मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग द्वारा इस षिविर में 10 महिलाओं की गोद भराई एवं 7 बच्चों का अन्नप्राशन रस्म किया गया। इस प्रकार गमावाड़ा में समाधान शिविर में बच्चें के जाति प्रमाण-पत्र बनने पर उनके पालकों ने खुशी जाहिर की और शासन का आभार व्यक्त किया। यहां समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांजनों और वरिष्ठजनों को 4 नग स्टिक, 3 श्रवणयंत्र, 2 बैसाखी, 2 व्हीलचेयर वितरित किया गया। कुल मिलकर इन शिविरों के माध्यम से सुशासन के सिद्धांतों को धरातल पर उतारने तथा शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हो रहा है।

## तेजेश्वर प्रथम, मौली द्वितीय व ओम रहे तृतीय स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम के कक्षा दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में विद्यालय में 14 भैया बहन अध्ययनरत थे जिनमे में 13 प्रथम श्रेणी से एवं 01 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिसमे 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तेजेश्वर नेताम प्रथम, 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मौली सेन द्वितीय एवम 85.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ओम गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे।



■ सरस्वती शिशु मंदिर का 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

विद्यालय समिति के अध्यक्ष विजय प्रसाद तिवारी, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता, सह सचिव सुरेश जय सिंघानी, सदस्य सोमेश गुप्ता, शिवराज नेताम व समिति के अन्य सभी सदस्यों ने भैया बहनो व आचार्यों को शुभकामनाएं व बधाई दी हैं। विद्यालय समिति के अध्यक्ष विजय तिवारी ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर नगर का गौरव का केंद्र है जो संस्कार, अनुशासन, पढ़ाई, खेलकूद सभी में अपनी अग्रणी भूमिका रखता हैं। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने बताया कि तीनों भैया बहन कक्षा अरुण से ही मेधावी और प्रतिभावान है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम सभी आचार्य दीदियों के लगन व निष्ठा का परिणाम है।

इसका संपूर्ण श्रेय विद्यालय के आचार्य व दीदीयो को जाता है जो लगन निष्ठा के साथ भैया बहनों को अध्यापन कराते हैं अवकाश में भी अतिरिक्त कक्षा लेकर इन बच्चों के स्तर को सुधार कर आगे पहुंचाते हैं। विद्यालय में पढ़ाई व खेलकूद लगातार नियमित रूप से चलते रहता है। समाज के सभी वर्ग के लोगों से विद्यालय को सहयोग प्राप्त होते रहता है।

## मातृत्व दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आगामी 11 मई को मातृत्व दिवस के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के तहत आज गीदम के स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। यह कार्यक्रम 11 मई को मनाए जाने वाले मदर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य माताओं की भूमिका को सम्मानित करना और सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन संस्था के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि मातृत्व दिवस तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी माताओं को सुरक्षित प्रसव के प्रति सचेत और जागरूक करना है ताकि माता और नवजात शिशु का स्वास्थ्य उत्तम रहे। उन्होंने उपस्थित से आग्रह किया ग्रामीणों महिलाओं को शासन द्वारा माता एवं नवजात शिशु के संबंध में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी अवष्य देवें। ताकि वे असुरक्षित प्रसव से बचे इसके अलावा



शासकीय अस्पतालों में संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में गर्भावस्था के पहले तीन महीनों में पंजीकरण अनिवार्य होने, प्रत्येक गर्भवती महिला की चार बार एएनसी जांच सुनिश्चित करने, सभी महिलाएं पौष्टिक आहार और आयरन-फोलिक एसिड का नियमित सेवन, संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता, किसी भी खतरे के लक्षण पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करने के बारे में विषेष जानकारी दी गई। महिला बाल विकास विभाग से रक्षा मिश्रा, सुश्री संगीता देवांगन, एवं जनपद सीईओ बलराम सिंह टीआरआईएफ के सौरव दत्ता और सालेहिन खान, तथा कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, ग्राउंड स्टाफ मौजूद रहे।

## बस्तर के लिए ऐतिहासिक पल : शकुंतला

**बस्तर।** जगदलपुर से रावघाट तक रेलवे लाइन की सौगात देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव और बस्तर सांसद महेश कश्यप का जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप ने आभार जताया है। शकुंतला कश्यप ने कहा कि यह बस्तर के लिए एक ऐतिहासिक पल है, जब क्षेत्र को रेलवे की सौगात मिली है। अब बस्तर वासियों को आवागमन हेतु आर्थिक बोझ झेलना नहीं पड़ेगा। रेलवे की सौगात से बस्तर के लोगों को सुगम और सस्ती यात्रा की सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन की सौगात बस्तर के विकास के लिए एक गेम-चेंजर है। इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और बस्तर के लोगों को अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। शकुंतला कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव और बस्तर सांसद महेश कश्यप का आभार जताते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता और प्रयासों से बस्तर को यह सौगात मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह रेलवे लाइन बस्तर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। बस्तर के लोगों में इस सौगात से खुशी की लहर है। लोगों का कहना है कि रेलवे लाइन से उनकी यात्रा आसान और सस्ती होगी, जिससे उनके जीवन में सुधार आएगा।



## विधायक ने किया राशन दुकान का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड/घाटलोहंगा

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने आज बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत झारतरई में स्थित शासकीय राशन दुकान का औचक निरीक्षण किया। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान अचानक पहुंचे विधायक ने राशन दुकान में

■ पारदर्शिता और सुधार के दिए निर्देश

खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की बारीकी से जांच की और उपभोक्ताओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने।

विधायक ने राशन वितरण में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गरीबों और जरूरतमंदों तक उचित मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी



प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कुछ छोटी-मोटी अनियमितताओं की जानकारी मिलने पर उन्होंने मौके पर ही सुधार के निर्देश दिए और कहा कि यदि आगे शिकायतें प्राप्त होती हैं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों से चर्चा के दौरान विधायक से चना, गुड़, तीन माह से नहीं मिलने की बात से अवगत कराया जिस पर विधायक ने संज्ञान में लेते हुए उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करते हुए जल्द ही उचित व्यवस्था दिलाने की बात कही।

इस दौरान बैद्यनाथ मौर्य, हेमराज बघेल, बुदरू बघेल, चैतराम, तुलसीराम, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, हरदास बघेल लैखन बघेल, कैलाश बघेल एवं समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

## बस्तर की बेटियों का कमाल मिला कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल वुमन चौंपियनशिप जो कि आंध्रप्रदेश के नेल्लोर में आयोजित हुई थी जिसमें ऑल ओवर इंडिया से 96 यूनिवर्सिटी टीमों ने हिस्सा लिया था। जिसमें शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर यूनिवर्सिटी टॉप 4 में अपनी जगह बनाई और ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया आज जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा और डिप्टी कलेक्टर अकादमी के प्रभारी नारायण प्रसाद गवेल और साथ में उपस्थित श्रम निरीक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय कोच सोपान कर्णेवार के साथ खिलाड़ी रेणुका तेलम, विमला तेलम, चंद्रकला तेलम, ज्योति हेमला खिलाडियों को कलेक्टर के द्वारा मेडल पहनाया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की और आने वाले भविष्य के लिए हार्दिक बधाइयां दी बस्तर यूनिवर्सिटी टीम में रेणुका और विमला दोनों ही अंतर्राष्ट्रीय भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व पिछले साल कर चुके हैं ज्योति हेमला के द्वारा नेशनल गेम्स में पार्टिसिपेशन करते हुए छत्तीसगढ़ टीम को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था और वही इस सत्र रेणुका तेलम और चंद्रकला तेलम एक बार फिर से भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## हितग्राहियों को मिला आवास प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुशासन तिहार संवाद से समाधान तक के तहत कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के द्वारा ग्राम पंचायत जीरमपाल, गाड़ीरास, मूर्तोंडा, नगारास, सोनाकुकनार, रामपुरम के पात्र हितग्राहियों को समाधान शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, दिलीप पेद्दी एवं जिला पंचायत सदस्य गीता कवासी, माड़े बरसे और जनपद पंचायत सुकमा के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के माध्यम से



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की स्वीकृति पत्र वितरण कर, ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

## यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर की जा रही कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव के दिशा-निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकात गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक नोडल यातायात विनीत कुमार साहू के मार्गदर्शन में परिवहन अधिकारी किशन लाल मोहर एवं यातायात विभाग बीजापुर के द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले ट्रेलर, बस, पिकप, ट्रेक्टर एवं कार चालकों से बिना ड्राइविंग लाइंसेस, बिना सीटबेल्ट, बिना फिटनेस एवं बिना नम्बर के वाहन चलाते हुये पाये जाने वाले वाहन चालकों पर 37 प्रकरण तैयार करते हुये कुल 35500 रूपये का समन शुल्क लिया गया। एवं उक्त



वाहन चालको को यातायात नियमों का पालन करने, नशा सेवन कर वाहन न चलाने एवं वाहनो का सम्पूर्ण दस्तावेज, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने का हिदायत दिया गया। उक्त कार्यवाही में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस बीजापुर के स्टाफ उपस्थित रहें।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने टॉपर प्रियंका को गुलदस्ता देकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा 10वीं, 12वीं की परीक्षा परिणाम के पश्चात आज टॉपर बच्चों से मिलने जिला शिक्षा

■ 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त फलक सारा से की मुलाकात

अधिकारी पहुंचे। मंडावी ने कक्षा 10 वीं में राज्य में 6 वां स्थान एवं जिला में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा कुमारी प्रियंका मुचाकी से मिलने उनकी संस्था मदर टेरेसा स्कूल पहुंचे। उन्होंने प्रियंका को गुलदस्ता देकर मुँह मीठा कर सम्मानित किया। इनके साथ कक्षा 12वीं में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी फलक सारा से मिलने उनके घर पहुंच कर उन्हें शुभकामना एवं बधाई दी। उनके पिता फारुख अली, प्रिंसिपल जयकुमार, जिला परियोजना समन्वयक परीक्षा प्रभारी आशीष राम एवं संस्था के स्टॉफ साथ में थे।

उल्लेखनीय है कि सुकमा जिला में कक्षा दसवीं में 89.76 प्रतिशत के साथ राज्य में 6 वां स्थान एवं 12 वीं 84.11 प्रतिशत के साथ राज्य में 11 वां स्थान मिला।

## संवेदनशील क्षेत्र गोलापल्ली में सुशासन तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

ग्राम पंचायत गोलापल्ली में सुशासन तिहार संवाद से समाधान तक अभियान के अंतर्गत व्यापक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल चार ग्राम पंचायतों सिंगाराम गोलापल्ली मराईगुड़ा वन और गंगलेर के ग्रामीण शामिल हुए।

ज्ञात हो कि कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के निर्देशन में लगातार जिले में यह शिविर आयोजन किए जा रहे है। राज्य व जिले के अंतिम छोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आयोजित इस शिविर में भाजपा कार्यकार्ताओं सहित जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे एवं जनपद पंचायत कोण्टा की



अध्यक्ष कुसुमलता कवासी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कोंटा एसडीएम शबाब खान जपं कोण्टा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नारद कुमार मांझी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत चार हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ हितग्राहियों को लाभन्वित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ एवं सुविधाओं की जानकारी दी गई । जिससे वे योजनाओं का सीधा लाभ ले सकें। शिविर में कुल 17 विभागों की भागीदारी रही जिनमें प्रमुख रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 55 प्रकरण महिला एवं बाल विकास 156 आदिवासी विकास विभाग 35 कृषि विभाग 34 खाद्य विभाग 15 केड़ा विभाग 14, शिक्षा विभाग 11 विद्युत विभाग चार आदि शामिल थे।

यह शिविर ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ जहाँ उन्होंने अपनी समस्याओं को साझा किया और समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने कहा कि समाधान शिविर शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। इसे लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"

मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त

"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"

JOIN OUR SEMINAR

Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand

14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM

◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें

SCAN ME

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com

Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल

नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर

0771-4050006, 81031 28515

डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO

डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच

एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सरोना तहसील स्तरीय पत्रकार संघ का हुआ गठन



**सरोना।** तहसील सरोना के ग्राम मुड़पार में आयोजित बैठक में सरोना तहसील स्तरीय पत्रकार संघ का औपचारिक गठन किया गया। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में सक्रिय पत्रकारों को एक संगठित मंच प्रदान करना और पत्रकारिता के मूल्यों की रक्षा के लिए एक सशक्त आवाज खड़ी करना रहा। राजकुमार कश्यप को अध्यक्ष, चन्द्रभान साहू और सुरज मंडावी को उपाध्यक्ष, सचिव दीनदयाल साहू, कोषाध्यक्ष पृथ्वी रामटेके, सलाहकार विवेक दास मानिकपुरी, सदस्य तोरण साहू, रंजीत शोरी और मोहित रजक, संरक्षक अशोक लुनावत, श्रवण बेसरा और खेमनारायण शर्मा को मनोनीति किया गया।

### पीएटी एवं पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा कल, 1305 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 15 मई दिन गुरूवार को पूर्वान्ह 09 से 12.15 बजे तक पीएटी एवं पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के कुल 1305 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा परीक्षा का सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा हेतु शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इन्दरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही कांकेर, पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर तथा सेंट माइकल हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर कांकेर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### तरांदुल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**कांकेर।** वनांचल पहाड़ी पर स्थित शाउमा विद्यालय तरांदुल के 12 वीं एवं कक्षा दसवीं का परिणाम विगत पांच वर्षों की तरह 100 प्रतिशत रहा। ग्राम पंचायत संगीता गोटा, उपसरपंच रामेश्वर कोर्राम एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी सदेसिह कोमरे ने संस्था के सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बेहतर भविष्य की कामना किया। भानुप्रतापपुर विकासखंड के शाउमावि तरांदुल में दसवीं में 25 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 15 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी और 10 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। दसवीं में सर्वाधिक अंक 76.1 प्रतिशत लाकर रजनी हुपेण्डी प्रथम, 69.3 प्रतिशत कमलेश्वरी और निर्मला द्वितीय तथा 67.8 प्रतिशत लाकर आशुमा कोमरा तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 12 वीं में 17 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी 10 और द्वितीय श्रेणी से 07 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12 वीं में विज्ञान संकाय में 5 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए, जिसमें 75.2 प्रतिशत अंक लाकर सचिना कड़ियाम प्रथम, 70.2 प्रतिशत रितु कोर्राम द्वितीय और 68 प्रतिशत के साथ राम प्रसाद तृतीय स्थान पर रहे। कला समूह में कुल 12 छात्र छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें 69.2 प्रतिशत लाकर दिनेश कुमार कावड़े प्रथम, 68.8 प्रतिशत मनेश कुमार गोटा द्वितीय और 67 प्रतिशत लाकर ललिता मण्डवी तृतीय स्थान पर रहे।

**निराकरण : सुशासन तिहार के तहत सरोना गांव में समाधान शिविर का आयोजन**

# जागरूकता से ही मिलेगा योजनाओं का वास्तविक लाभ, ग्रामीणों का जागरूक होना जरूरीः आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- आमजन की समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आम नागरिकों के समस्याओं और मांगों के समयबद्ध निराकरण और शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से समाधान शिविर का आयोजन नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम सरोना में किया गया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया गया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सोच है कि आम जनता की समस्याओं का समाधान और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे गांवों में ही मिले, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गांव-गांव में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब हर व्यक्ति जन्म प्रमाण पत्र से लेकर राशन कार्ड तक सभी आवश्यक दस्तावेज आसानी से शिविरों के माध्यम से बनवा सकता है। उन्होंने किसानों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए संचालित



जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से आगे बढ़कर इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विधायक एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया गया।

आयोजित शिविर में कुल 122 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें प्रमुख रूप से जनपद पंचायत नरहरपुर के 36, राजस्व विभाग के 25, वन विभाग के 22 और खाद्य विभाग के 10 आवेदन शामिल हैं। साथ ही आवेदनों के निराकरण पश्चात हितग्राहियों को 07 जॉब कार्ड, 04 शौचालय स्वीकृति, 05 राशन कार्ड सहित वन अधिकार पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सोमन सिंह कावड़े, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, ग्राम पंचायत सरपंच दीपिका वटी, उप सरपंच दिनेश सहरें, ग्राम समिति अध्यक्ष अजय हिरवानी एवं नोडल अधिकारी धर्मराज के अलावा विकासखंड के अधिकारी एवं एसडीएम अरूण वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# पीएम आवास बनाने के दौरान किराए पर घर लेने की बात पर विवाद, थाने पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पति और ससुरालजनों ने महिला को घर से निकाला
- सड़क पर बाल पकड़कर की गई मारपीट, दी गई जान से मारने की धमकी

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान निर्माण को लेकर एक परिवार में उत्पन्न विवाद ने घरेलू हिंसा का रूप ले लिया। चारामा थाना क्षेत्र की बड़ीपारा जैसाकर्रा निवासी 24 वर्षीय चंद्रिका सेन ने अपने पति और ससुरालजनों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़िता चंद्रिका सेन ने पुलिस को बताया कि 8 मई की रात को जब वह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पुराने मकान को तोड़कर नया मकान बनने तक किराये के घर में रहने की बात कर रही थी, तभी उसके पति भीखम सेन, सास पूर्णिमा सेन और ससुर विष्णु सेन भड़क उठे। कहासुनी के दौरान पति



ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। उसके बाद सास और ससुर ने भी महिला को पीटते हुए घर से निकल जाने को कहा।

महिला के अनुसार जब उसने विरोध किया और बच्चे को लेकर कहां जाए यह पूछा, तो पति ने गुस्से में आकर बाल पकड़कर उसे घर से बाहर खींच लिया और सड़क पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता की शिकायत पर चारामा पुलिस ने आरोपी भीखम सेन, विष्णु सेन और पूर्णिमा सेन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीएमश्री विद्यालय दुर्गूकोंदल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया व साथ ही रविंद्रनाथ टैगोर जयंती मनाया गया। इस मौके पर छात्रों ने कई कार्यक्रम विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की शुरुआत रविंद्रनाथ टैगोर के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुई। छात्रों ने टैगोर की गीत, भाषण, जीवनी और कविताएं प्रस्तुत किया l मुख्य अतिथि के रूप में राजू नायक जनपद सदस्य ने कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर केवल साहित्यकार ही नहीं, बल्कि एक सच्चे देशभक्त भी थे। रवींद्रनाथ टैगोर एक कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार, और दार्शनिक थे। रवींद्रनाथ टैगोर एशिया के प्रथम व्यक्ति थे, जिन्हें



- विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम व मनाई गई टैगोर जयंती
- रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ

नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होने ने ही राष्ट्रगान जनगण मन लिखी। शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा रवीन्द्रनाथ टैगोर की छवि एक महान कवि, लेख, साहित्यकार और देशभक्त की है और लाखों युवा उनसे आज भी प्रभावित है। संस्था के पूर्व प्राचार्य एसडी दास ने सभी को कहा रवींद्रनाथ टैगोर के कार्यों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को रवींद्रनाथ टैगोर के आदर्शों से प्रेरणा लेने को कहा। कार्यक्रम में भाग लिए थे उन बच्चों को अतिथियों ने पेन देकर सम्मानित किया।



### भूमिका विद्यालय में रही दूसरे स्थान पर

**बासनवाही।** जिले के स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय दुधावा की छात्रा भूमिका साहू ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा मे 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरे स्थान पर जगह बनाई है। विदित हो कि भूमिका साहू दुधावा निवासी पत्रकार दीनदयाल साहू एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मेनका साहू की पुत्री है। भूमिका के अच्छे अंक अर्जित करने पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संजुगोपाल साहू शासकीय उमावि के प्रचार्य जेके साहू एवं संबंधितों परिजनों ने बधाई दी।

# समाज सेवा एक ऐसी कर्तव्य निष्ठा जो मानव सेवा की भावना को प्रबल बनाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कृषि महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हुई विविध प्रतियोगिताएं

ठाकुर रामप्रसाद पोटाई शासकीय कृषि महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता भाषण, गीत, वाद विवाद, रंगोली एवं मोनो प्ले का आयोजन किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरूस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से कालेज के अधिष्ठाता डॉ. नितिन कुमार रस्तोगी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा केवल एक कर्तव्य नहीं, बल्कि एक जीवन मूल्य है। यह वह सेवा है जिसमें न कोई लाभ की अपेक्षा होती है न ही कोई पुरस्कार की चाह होती है। इसमें केवल मानवता की भावना होती है। राज्य सदस्य अनुपम जोफर ने कहा कि रेडक्रॉस मानव सेवा में अग्रणी संस्था है, सालफरिनो के युद्ध मैदान में क्षत विक्षत घायलों को





देखकर सेवाभाव की भावना से छोटे से स्थान से बनी संस्था आज संपूर्ण विश्व में मानवता की पहचान बन चुकी है। आपदा, युद्ध, महामारी जैसे कार्यों में रेडक्रॉस अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करती है। जिला संगठक पवन कुमार सेन ने रेडक्रॉस की गतिविधियों के संबंध में बताते हुए कहा कितीन इकाइयों अंतर्गत जूनियर रेडक्रॉस, यूथ रेडक्रॉस एवं वॉलिंटियर के माध्यम से सभी आयु वर्ग के लोग रेड क्रॉस में सेवा भाव से जुड़ सकते हैं। रेडक्रॉस में सेवा भावना के माध्यम से जुड़कर असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

**ये रहे विजेता-** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा ने इस वर्ष थीम मानवता के पक्ष में था, जिसके तहत भाषण, गीत, वाद विवाद, रंगोली एवं मोनो प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम यशवंत यादव, द्वितीय जितेंद्र पोटाई एवं तृतीय लेखिका पोटाई रही। मोनो प्ले में प्रथम विमल कुमार, द्वितीय वीरेंद्र कुमार व तृतीय अमन टंडन रहे। वाद विवाद में प्रथम स्थान पर ऋषि श्रीवास, द्वितीय स्थान लेखिका पोटाई एवं तृतीय स्थान पर विवेक साहू और गौरव पात्र रहे। गीत में प्रथम यशवंत कुमार, द्वितीय हुलसी एवं तृतीय विमल कुमार ने प्राप्त किया। रंगोली में प्रथम स्थान पर जैस्मिन सिंह नाग, द्वितीय सुषमा एवं तृतीय स्थान मीनाक्षी नेताम ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रमोद नेताम ने किया।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में संस्था के डॉ. प्रशांत कुमार सुखदेवे, थलेश पांडे, डॉ. जीवन लाल नाग, डॉ. जागृति पटेल, डॉ. कुमुदिनी साहू, डॉ. जीवन लाल सलाम, डॉ. अजय तिवारी, डॉ. मिथिलेश कुमार, अनिल कुमार नेताम, रविंद्र भगत, डॉ. सरोज मिश्रा, अनिल कुमार उसेंडी, निशा यदु एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# होटल और घर में शराब पीने की सुविधा देने वाले गिरफ्तार

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाई करते हुए होटल व घर में शराब पीने की सुविधा देने वाले दो आरोपियों को पकड़ा और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया।

बांदे पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 8 मई को शाम सवा 4 बजे आरोपी शांतिपारा बांदे निवासी तपन कयाल द्वारा मछली मार्केट के पास अपने होटल के सामने अन्य लोगो को शराब पीने के लिए अवैध रूप से सुविधा दे रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस को आता देख शराब पीने वाले भाग निकले। मौके पर आरोपी तपन को पकड़ा गया व उसके कब्जे से 90 एमएल देशी महुआ शराब व दो नग डिस्पोजल को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वही दूसरी कार्यवाई में 8 मई को दोपहर 3 बजे आरोपी बांदे निवासी 46 वर्षीय अमरीप साह अपने घर बाड़ी में शराबियों को शराब पीने के लिए सुविधा दे रहा था। आरोपी के कब्जे से 140 एमएल देशी महुआ शराब कीमती 40 रूपएं और दो नग डिस्पोजल को जबत कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

## तालाब एवं डबरी में डूबने पर आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने तालाब एवं डबरी में डूबने से मृत्यु होने के दो प्रकरण में चार-चार लाख रूपए की मान से आठ लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील पखांजूर के ग्राम पीव्ही 11 कृष्णानगर निवासी 49 वर्षीय सविता सरदार की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित गोपाल सरदार को चार लाख रुपए तथा दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम नरेटीनटोला के 02 वर्षीय अरूण कुमार की डबरी में डूबने से मृत्यु होने से उनके माता-पिता सुखचंद मण्डावी और कविता मण्डावी को चार लाख रूपए की सहायता राशि संयुक्त रूप से कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

## राजपूत समाज ने हाटकोंदल में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम हाटकोंदल में राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, सरपंच हरिषा मंडावी एवं समाजजनों द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति का भूमिपूजन किया, इसके बाद शोभायात्रा निकाली। जनपद उपाध्यक्ष ने कहा समाजजनों से महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। उनके कार्यों का उल्लेख करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विकास राजपूत, कमल कोसमा, युवराज पटेल, भूषण राजपूत, कन्हैया राजपूत,गैंदसिंग ठाकुर, लखन ठाकुर,रवेन्द्र सिंह ठाकुर, बहुर यादव, उपसरपंच इंद्रजीत, महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## इशिका को विधायक सावित्री ने किया पुष्पगुच्छ व मिठाई भेंट

- दसवीं की बोर्ड परीक्षा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 99.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की होनहार छात्रा इशिका बाला ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस अभूतपूर्व सफलता न केवल कांकेर जिले को बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

जिले की होनहार छात्रा इशिका बाला को इस विशेष उपलब्धि पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मण्डावी स्वयं इशिका बाला के निवास पहुंचीं और उन्हें व उनके परिवार को बधाई दी। उन्होंने इशिका को पुष्पगुच्छ व मिठाई भेंट करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इशिका बाला पिता शंकर लाल बाला एवं इति बाला की सुपुत्री हैं। पूर्व में स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण वे बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकी थीं, लेकिन इस वर्ष उन्होंने अपनी मेहनत, दृढ़



संकल्प और साहस के बल पर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विधायक के साथ रूपसिंग पोटाई, इंद्रजीत विश्वास, सुनील बबला पाढ़ी पूर्व नगर पंचायत भानुप्रतापपुर, राजकुमार दुबे, राजदीप हलदर, अमर मण्डल, दिलीप विश्वास, हिहार सरकार, दिनकर सरकार, अनादि वैध, पुनिल राय, मानकेर पद्दा, गोपाल मंडल, बिधान, सन्तु तुलावी, सोमनाथ मण्डावी, सुशील विश्वास आदि उपस्थित रहे।

# बारहवीं के टापर अखिल को नकद राशि देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

प्रदेशभर में कक्षा 12 वीं में टाप टेन में पहले स्थान पर रहे जिले के ग्राम कोदागांव हाईस्कूल में पढ़ाई करने वाले छात्र धनेलीकन्हार निवासी अखिल सेन को घर पहुंच कर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सेन समाज ने समाज के होनहार बच्चे को केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष मोना सेन, प्रदेश अध्यक्ष पुनित राम सेन व प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश ठाकुर ने 21 हजार रुपएं, चंदापारी सेनसमाज के अध्यक्ष मोहन सेन, प्रभु राम शांडिल्य, वेदराम सेन, संदीप सेन 2100 रुपएं, वही भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी व जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े ने नकद राशि भेंट कर बधाई दिया।

ग्राम पंचायत कोदागांव में आयोजित शुसासन तिहार कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अभिषेक देवांगन व जनपद



सीईओ अश्विनी यादव, प्राचार्य जीडी वाधवानी, सियाराम साहू, मधुसूदन साहू ने भी बधाई दिया। इस कड़ी में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चोधरी, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिहदेव, कांकेर विधायक आशा राम नेताम, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ग़ौरी शंकर श्रीवास ने मोबाइल के माध्यम से बधाई दिया। अखिल सेन को निवास स्थान पर पहुंच कर बधाई देने वालों में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटीया, कोरर थाना प्रभारी, जनपद सदस्य पंचुराम नायक, नितेश सलाम, ईश्वर कावड़े, उत्तम जैन, भानुप्रतापपुर मंडल अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद जैन, राजीव श्रीवास, टीकम टांडिया, ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार के सरपंच मधु मंडावी व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ, सरस्वती शिशु मंदिर व कोदागांव हाईस्कूल के सभी शिक्षकों ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना किया।



### छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अखिल का सम्मान

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित12 वीं बोर्ड में संपूर्ण छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त करनें वाले अखिल सेन का एम्बीशन इंस्टीट्यूट के संस्थापक लक्ष्मण रात्रे, सह संस्थापक नीता रात्रे, प्रशिक्षक ज्योतिष मण्डावी, साक्षी मण्डावी, पार्वती गुप्ता, प्रीति रावत ने साल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए दियाl। वर्तमान में यह कम्प्यूटर शिक्षा के लिए संस्थान में विगत माह से नियमित डीसीए कोर्स में अध्ययनरत है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बुद्धा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411